आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 26.11.2024   समय : 18.30 पीएम

- संविधान को अंगीकार किये जाने की 75वीं वर्षगांठ पर आज से एक वर्ष तक चलने वाले समारोहों की शुरूआत –राष्ट्रपति ने देशवासियों से अपने आचरण में संवैधानिक आदर्शों को आत्मसात करने को कहा।
- प्रदेश में संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन – विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जयपुर में संविधान दीर्घा का लोकार्पण किया।
- सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावों में ईवीएम की जगह मतपत्रों से वोटिंग कराने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज की।
- प्रदेश में तापमान में उतार–चढ़ाव के बीच कई स्थानों पर रात का पारा सामान्य से नीचे।

000

संविधान को अंगीकार किये जाने की 75वीं वर्षगांठ आज है। सरकार ने इस अवसर पर आज से एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की शुरूआत की है। ये समारोह 26 नवम्बवर, 2025 तक देशभर में आयोजित किए जाएंगे। संविधान सभा ने 26 नवम्बसर, 1949 को संविधान को अंगीकार किया था और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। संविधान दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित समारोह को सम्बोधित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय संविधान को एक जीवित और प्रगतिशील दस्तावेज बताते हुए कहा कि इसके जरिये देश ने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लक्ष्यों को हासिल किया है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार आम लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका की एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने सभी नागरिकों से 2047 तक विकसित भारत बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अपने आचरण में संवैधानिक आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया।

...................

राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना में लिखित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्श सभी नागरिकों को फलने–फूलने और समाज में एक दूसरे की देखरेख करने के अवसर देते हैं।
इस अवसर पर उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह महत्वपूर्ण दिन देश के संविधान को अंगीकार करने के 75 वर्षों को मनाने के रूप में एक ऐतिहासिक पड़ाव को चिन्हित करता है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने संबोधन में सभी सांसदों से अपने निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों के बीच संविधान के अंगीकार किए जाने के 75वें वर्ष को मनाने का आग्रह किया। श्री बिरला ने सांसदों से संविधान सभा द्वारा निर्धारित मर्यादा के भीतर चर्चा करने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के अंगीकार की 75वीं वर्षगांठ को समर्पित एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। इस अवसर पर दो पुस्तकों मेकिंग ऑफ द कॉस्टीट्यूशन ऑफ इंडियाः ए ग्लिम्पस'' और ''मेकिंग ऑफ द कॉस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया एण्ड इट्स ग्लोरियस जर्नी का विमोचन भी किया गया। साथ ही संविधान का संस्कृत और

मैथिली भाषाओं में अनुवाद भी जारी किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री, लोक सभा और राज्य सभा में विपक्ष के नेता, सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भागीदारी की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि संविधान राष्ट्र का मार्गदर्शक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान देश की हजारों वर्षों की परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति है। प्रदेश में भी आज संविधान दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जयपुर में मुख्यमंत्री कार्यालय में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि संविधान से देश का नागरिक सशक्त हुआ है। उन्होंने कहा कि संविधान में बताये गये कर्तव्यों की पालना कराने के उद्देश्य से राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

.......................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने संविधान दिवस पर जयपुर में राजनैतिक आख्यान संग्रहालय में नवनिर्मित संविधान दीर्घा का लोकार्पण किया। इस संविधान दीर्घा में मूल संविधान के बाईस भागों के आरम्भ में दर्शायी गयी कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। श्री देवनानी ने बताया कि संविधान दीर्घा का उद्देश्य आमजन और युवाओं में राष्ट्र और राष्ट्र के संविधान का बोध कराने के साथ ही संविधान, सांस्कृतिक और नैतिकता के प्रति जागरुकता लाना है। युवा मामले और खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने इस मौके पर जयपुर के चित्रकूट स्टेडियम में आयोजित पदयात्रा में भाग लिया। इस पदयात्रा में सैंकड़ों युवाओं और नागरिकों से भाग लिया।

दौसा में सूचना जनसंपर्क विभाग की ओर से फोटो प्रदर्शनी और संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पाली में इस सिलसिले में सूचना और जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। श्रीगंगानगर और बारां में प्रदर्शनी, संगोष्ठी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। अजमेर में युवा काय्रक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा मैराथन आयोजित की गई। चूरू में संविधान दिवस के उपलक्ष में संविधान से संबंधित रोचक तथ्यों को लेकर प्रदर्शनी आयोजित की गई। भरतपुर में चार दिवसीय फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। सांचौर, बांसवाड़ा, टोंक, सिरोही, कोटा, बाड़मेर में भी संविधान दिवस पर कई कार्यक्रम हुए।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन–ईवीएम के स्थान पर बैलेट पेपर का इस्तेमाल करने का निर्देश देने संबंधी जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और पी.बी. वराले की पीठ ने ईवीएम में कथित हेरफेर के कारण बैलेट सिस्टम पर लौटने की मांग को नामंजूर कर दिया। इससे पहले मार्च में शीर्ष न्यायालय ने बैलेट पेपर के जरिए लोकसभा चुनाव कराने के निर्देश देने की मांग वाली एक ऐसी ही जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था।

000

कोटपूतली बहरोड़ जिला प्रशासन ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के` कारण एनसीआर के अंतर्गत आने वाले नीमराणा और बहरोड़ क्षेत्र में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान–4 लागू कर दिया है। यह कदम वायु गुणवत्ता में सुधार और आम जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए उठाया गया है। जिला प्रशासन ने निर्माण कार्य, वाहनों से होने वाला उत्सर्जन, पराली जलाने की घटनाएं और औद्योगिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए हैं।वायु प्रदूषण का सीधा प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, जिससे सांस संबंधी बीमारियां, आंखों में जलन और एलर्जी के मामलों में वृद्धि हो रही है। जिला प्रशासन और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

....................

सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने अपने अधिकारिक दौरे पर राजस्थान फ्रंटियर मुख्यालय जोधुपर का दौरा किया। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर राजस्थान फ्रंटियर की सामरिक सुरक्षा व्यवस्थाओं पर चर्चा की। महानिदेशक ने मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिए और सीमा सुरक्षा बल को मजबूत करने के लिए दृढ उपायों को लागू करने का निर्देश दिया। इसके अलावा महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल के 60वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

000

जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ 28 नवंबर को मुहाना थाने में जनसुनवाई करेंगे। यह जनसुनवाई 11 बजे से 2 बजे तक चलेगी। इस दौरान चाकसू, मानसरोवर और बगरू के परिवादियों की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध, पुलिस उपायुक्त दक्षिण और पश्चिम तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

000

झुन्झुनू जिले के सेना के जवान विनोद सिंह शेखावत का आज उनके पैतृक गांव काजडा में अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले जिला कलेक्टर रामावतार मीणा और पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी ने जवान की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित किए। विनोद सिंह मणिपुर में तैनात थे। ड्यूटी के दौरान तबियत बिगडने से उनकी मृत्यु हो गई थी।

000

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत आज हनुमानगढ से रामेश्वरम–मदुरई के लिए विशेष ट्रेन रवाना हुई। इस मौके पर जिला कलेक्टर काना राम, विधायक संजीव बैनिवाल और गणेश राज बंसल, नगर परिषद सभापति सुमित रणवां और जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रेलगाड़ी को रवाना किया। इस ट्रेन से हनुमानगढ़ जिले के 300 वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा पर गये हैं। इस कार्यक्रम में देवस्थान विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को मानस अभियान के तहत नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई।

000

उत्तर पश्चिम रेलवे के अनुसार, लुधियाना यार्ड में प्लेटफार्म नंबर 6 और 7 पर पुनर्विकास कार्य के कारण कई रेलसेवाएं प्रभावित होंगी। इन रेलसेवाओं में हिसार–लुधियाना, लुधियाना–चूरू, चूरू–लुधियाना और लुधियाना–हिसार रेल सेवाएं शामिल हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि ये रेल सेवाएं 28 जनवरी 2025 तक रद्द रहेंगी।

000

प्रदेश में तापमान में उतार–चढ़ाव के बीच कई स्थानों पर पारा सामान्य से नीचे चल रहा है। अजमेर, सीकर, कोटा, जोधपुर सहित कई स्थानों पर रात का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया। सिरोही जिले के माउंट आबू में सबसे कम 6 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। तेज सर्दी से यहां आम जीवन प्रभावित होने लगा है। लोग सर्दी से बचाव के लिए गर्म कपडों के साथ अलाव का भी सहारा ले रहे हैं। आज भी मैदानी इलाकों में सीकर का फतेहपुर सबसे ठण्डा रहा जहां न्यूनतम तापमान 8 दशमलव 2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजधानी जयपुर में कल के मुकाबले आज न्यूनतम तापमान में डेढ डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई और ये 13 दशमलव 5 डिग्री पर आ गया।

000